NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

Rajasthan Patrika, Surat, 15/04/2026

Page No: 3, Size: 36.30cm × 12.62cm

गुजरात

तीन मंजिला भवन का स्ट्रक्चर तैयार, अब फिनिशिंग पर जोर

दूधनगरी आणंद में अब आकार ले रहा हाईटेक बुलेट ट्रेन स्टेशन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

आणंद. भारत की दूध नगरी आणंद में हाईटेक बुलेट ट्रेन स्टेशन आकार ले रहा है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत तीन मंजिला भवन का स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। अब फिनिशिंग पर जोर देते हुए काम जारी है।

स्टेशन का बाहरी स्वरूप (फैसाड) और आंतरिक डिज़ाइन दूध की बूंदों की तरल प्रकृति, आकृति और रंग से प्रेरित है। यह भारत की दूध राजधानी आणंद के समीप स्थित होने को दर्शाता है।

स्टेशन के तीनों स्तरों पर स्लैब कास्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। छत की संरचनात्मक स्टील और रूफ शीटिंग का कार्य भी पूरा हो गया है। बाहरी फैसाड की संरचनात्मक स्टील का कार्य पूर्ण हो चुका है। स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर स्थापित किए जा चुके हैं। क्लैडिंग और सीढ़ियों के फिनिशिंग कार्य प्रगति पर हैं।

परिवहन हब के रूप में विकसित होगा स्टेशन: यह स्टेशन सभी प्रमुख परिवहन साधनों के एकीकरण के माध्यम से एक महत्वपूर्ण परिवहन हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

आणंद में आकार ले रहा बुलेट ट्रेन स्टेशन।

तीन मंजिला होगा स्टेशन, चार ट्रैक

बुलेट ट्रेन के स्टेशन की ऊंचाई 25.6 मीटर है। कुल निर्मित क्षेत्र 44,073 वर्गमीटर है। बुलेट ट्रेन का स्टेशन तीन मंजिला होगा, जिसमें दो साइड प्लेटफॉर्म और उनके बीच चार ट्रैक होंगे। स्टेशन में सभी आधुनिक और उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां टिकटिंग और प्रतीक्षालय, नर्सरी, शौचालय, सूचना केंद्र, रिटेल सेंटर आदि की व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त, प्राकृतिक प्रकाश के लिए छत और बाहरी भागों में स्काइ लाइट की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। बुलेट ट्रेन के स्टेशन भवन के समीप यात्रियों के लिए कार, दोपहिया, ऑटो और बसों के लिए पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ तथा पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही, एक सुव्यवस्थित पैदल यात्री प्लाजा भी विकसित किया जाएगा। निकटतम रेलवे स्टेशन उत्तरसंडा रेलवे स्टेशन है, जो स्टेशन से लगभग 600 मीटर पूर्व दिशा में स्थित है।

NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

Rajasthan Patrika, Ahmedabad, 15/04/2026
Page No: 3, Size: 37.07cm × 12.73cm

गुजरात

तीन मंजिला भवन का स्ट्रक्चर तैयार, अब फिनिशिंग पर जोर

दूधनगरी आणंद में अब आकार ले रहा हाईटेक बुलेट ट्रेन स्टेशन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

आणंद. भारत की दूध नगरी आणंद में हाईटेक बुलेट ट्रेन स्टेशन आकार ले रहा है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत तीन मंजिला भवन का स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। अब फिनिशिंग पर जोर देते हुए काम जारी है।

स्टेशन का बाहरी स्वरूप (फैसाड) और आंतरिक डिज़ाइन दूध की बूंदों की तरल प्रकृति, आकृति और रंग से प्रेरित है। यह भारत की दूध राजधानी आणंद के समीप स्थित होने को दर्शाता है।

आणंद में आकार ले रहा बुलेट ट्रेन स्टेशन।

स्टेशन के तीनों स्तरों पर स्लैब कास्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। छत की संरचनात्मक स्टील और रूफ शीटिंग का कार्य भी पूरा हो गया है। बाहरी फैसाड की संरचनात्मक स्टील का कार्य पूर्ण हो चुका है। स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर स्थापित किए जा चुके हैं। क्लैडिंग और सीढ़ियों के फिनिशिंग कार्य प्रगति पर हैं।

परिवहन हब के रूप में विकसित होगा स्टेशन: यह स्टेशन सभी प्रमुख परिवहन साधनों के एकीकरण के माध्यम से एक महत्वपूर्ण परिवहन हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

तीन मंजिला होगा स्टेशन, चार ट्रैक

बुलेट ट्रेन के स्टेशन की ऊंचाई 25.6 मीटर है। कुल निर्मित क्षेत्र 44,073 वर्गमीटर है। बुलेट ट्रेन का स्टेशन तीन मंजिला होगा, जिसमें दो साइड प्लेटफॉर्म और उनके बीच चार ट्रैक होंगे। स्टेशन में सभी आधुनिक और उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां टिकटिंग और प्रतीक्षालय, नर्सरी, शौचालय, सूचना केंद्र, रिटेल सेंटर आदि की व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त, प्राकृतिक प्रकाश के लिए छत और बाहरी भागों में स्काइ लाइट की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। बुलेट ट्रेन के स्टेशन भवन के समीप यात्रियों के लिए कार, दोपहिया, ऑटो और बसों के लिए पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ तथा पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही, एक सुव्यवस्थित पैदल यात्री प्लाजा भी विकसित किया जाएगा। निकटतम रेलवे स्टेशन उत्तरसंडा रेलवे स्टेशन है, जो स्टेशन से लगभग 600 मीटर पूर्व दिशा में स्थित है।